तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

10 ग्राम जेवरतला में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में मंगल कलश..



8 संजारी के विद्यार्थियों ने तालागांव की रूद्रशिव...





## खबर संक्षेप

### ग्राम पटेल संघ का सम्मान समारोह आज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम पटेल संघ के तत्वावधान में 16 जनवरी को जिला ग्राम पटेल संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह ग्राम सिवनी बालोद मे रखा गया है, जिसके मुख्यअतिथि कलेक्टर जिला बालोद, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ग्राम पटेल संघ, विशिष्ट अतिथि सभी तहसील के एसडीएम एवं तहसीलदार होंगे। इस अवसर पर सभी ग्राम पटेलों को आवश्यक रूप से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है, उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी इंद्रकुमार भंडारी ग्राम पटेल धनगांव ने दी।

### तालाब में युवक का शव मिला पुलिस ने मर्ग कायम की

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा के बंधिया तालाब में बुधवार को एक युवक का शव पानी में औंधे मुंह पड़ा मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ तालाब के पास जमा हो गई। ग्रामीणों ने मृतक की पहचान ग्राम चिपरा निवासी बेलसिंह रावते के नाती प्रेमचंद घोरपटिया (29 वर्ष) के रूप में की। मौके पर पहुंची राजहरा थाना की टीम के उप निरीक्षक कांताराम सदलबल ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम हेतु चिखलकसा मरचूरी भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उप निरीक्षक कांताराम ने बताया कि मामला दर्ज कर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार प्रेमचंद बचपन से ही अपने नाना के घर चिपरा में रहता था, यहीं उसने पढ़ाई की। बाद में वह कृषि एवं मजदूरी का कार्य करता था, साथ ही रामायण मंडली में बैंजो बजाता था। वह 11 जनवरी को चिपरा मंडई के दिन से घर से नदारद था, जिसकी खोजबीन परिजनों द्वारा की जा रही थी।

### जिपं सीईओ चंद्रवंशी ने ली समीक्षा बैठक

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बुधवार 14 जनवरी को जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए। चंद्रवंशी ने कहा कि जिन हितग्राहियों को योजना के अंतर्गत प्रथम किश्त की राशि जारी हो गई है उन हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराई जाए। इसके अलावा उन्होंने द्वितीय किश्त की राशि जारी होने वाले हितग्राहियों के आवासों के निर्माण कार्य को 15 दिन में पूरा कराने के भी निर्देश दिए। चंद्रवंशी ने वर्ष 2024 से 2026 तक के ⏭ शेष पेज 08 पर

**अनुकूल मौसम और सिंचाई से इस साल उत्पादन की उम्मीदें बेहतर**

# क्षेत्र में सरसों की लहलहाती फसल किसानों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग जिले के ग्रामीण अंचल में इस समय सरसों की खेती अपने पूरे शबाब पर है। खेतों में दूर-दूर तक फैली पीले रंग की सरसों की फसल न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा रही है, बल्कि किसानों के लिए आर्थिक रूप से भी उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है।

इस वर्ष अनुकूल मौसम, समय पर बुवाई और पर्याप्त सिंचाई के कारण सरसों की फसल अच्छी स्थिति में है। गांव-गांव में किसान पारंपरिक तरीकों के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग कर बेहतर



उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं। सरसों की फसल कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली फसलों में गिनी जाती है, जिससे छोटे और मध्यम किसान भी इसे प्राथमिकता दे रहे हैं। ग्रामीण किसानों का कहना है कि इस बार की सल में कीट प्रकोप अपेक्षाकृत कम रहा है, जिससे उत्पादन बढ़ने की पूरी संभावना है। साथ ही सरसों के तेल की बाजार में बढ़ती मांग से किसानों को उचित मूल्य मिलने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सरसों की खेती मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में भी सहायक होती है और रबी सीजन की महत्वपूर्ण नकदी फसल है। दुर्ग ग्रामीण अंचल में सरसों की बढ़ती खेती से क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। पीले फूलों से सजे खेत न सिर्फ किसानों की मेहनत की कहानी बयां कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीण अंचल की प्राकृतिक सुंदरता को भी दर्शा रहे हैं।



**प्रशंसा : विकसित भारत जी राम जी योजना का अनूठा समर्थन**

# केंद्रीय मंत्री शिवराज ने की भेजा मैदानी के ग्रामीणों की तारीफ, ट्विटर पर साझा की मानव श्रृंखला की तस्वीर

हरिभमि न्यूज ⏭ बालोद

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भेजा मैदानी में गत दिनों आम नागरिकों को 'वीबी जी राम जी' योजना के महत्व एवं उद्देश्य की जानकारी देते हुए ग्रामीणों द्वारा बनाए गए मानव श्रृंखला के सुंदर तस्वीर को अपने ट्वीटर एकाउंट के माध्यम से ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में चौहान ने लिखा है कि छत्तीसगढ़ की भेजा मैदानी ग्राम पंचायत में एक सुंदर तस्वीर सामने आई है, जिसे मैं आप सभी को साझा कर रहा हूँ।

यहाँ 282 श्रमिक भाई–बहनों ने मिलकर मानव श्रृंखला बनाई और 'विकसित भारत जी राम जी' का समर्थन किया। यह योजना गरीबी मुक्त, रोजगार मुक्त, स्वयंपूर्ण और स्वालंबी गांव का संकल्प है। इसको लेकर देश प्रसन्नता से भरा है और श्रमिक भाई बहन उत्साहित है। उल्लेखनीय है कि गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भेजा मैदानी नया तालाब के




Shivraj Singh Chouhan · Follow
11h ·

आज छत्तीसगढ़ की भेजामैदानी ग्राम पंचायत से एक सुंदर तस्वीर सामने आई है, जिसे आप सभी से साझा कर रहा हूँ।

यहाँ 282 श्रमिक भाई-बहनों ने मिलकर मानव शृंखला बनाई और विकसित भारत – जी राम जी का समर्थन किया।

यह योजना गरीबी मुक्त, रोजगार युक्त, स्वयंपूर्ण और स्वावलंबी गांव का संकल्प है। इसको लेकर देश प्रसन्नता से भरा है और श्रमिक भाई-बहन उत्साहित हैं।




गहरीकरण कार्य के दौरान मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों एवं मजदूरों को केन्द्र सरकार के 'वीबी जी राम जी' योजना के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी गई। इस योजना के नवीन प्रावधानों एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे ने बताया कि इस योजना के तहत अब विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गांरटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 125 दिन का रोजगार एवं 07 दिवस का अनिवार्य रूप से मजदूरी भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा वर्षा ऋतु में खेती–किसानी के समय कृषक हित में 02 माह कार्य बंद रखे जाने का प्रावधान भी किया गया है।

इसके तहत कार्य के 04 प्रमुख श्रेणियों के अंतर्गत पहला जल सुरक्षा और संरक्षण कार्य, दूसरा ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्य, तीसरा आजीविका संवर्धन के कार्य, चौथा जलवायु परिवर्तन व प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्य को शामिल किया गया है। इसके तहत मापदण्डों के अनुरूप ए, बी, सी, केटेगरी में ग्राम पंचायतों का वगऍकरण, प्राकृतिक आपदाओं अथवा असाधारण स्थिति हेतु कार्ययोजना तथा ग्राम पंचायतों को 2047 तक विकसित ग्राम पंचायत निर्माण की परिकल्पना की गई है। इसके अंतर्गत अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षित कर आजीविका से जोड़ते हुए कौशल विकास में वृद्धि का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत विकसित ग्राम पंचायत प्लान के सभी कार्यों को विकसित भारत नेशनल रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर स्टेक में एकीकरण किया जाएगा।

इसके साथ ही पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण, स्थानिक प्रौद्योगिकी आधारित (स्पैटियल टेक्नालॉजी) आयोजना, मोबाइल एवं डैशबोर्ड आधारित निगरानी तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणालियों के माध्यम से प्रावधान किए जाएंगे। इसके अलावा सामाजिक अंकेक्षण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत भेजा मैदानी में 'वीबी जी राम जी' योजना के अंतर्गत चल रहे तालाब गहरीकरण के कार्य में कुल 282 मजदूरों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी संबंधित तकनीकी सहायक और ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# अज्ञात ने 50 एकड़ पैरावट जलाया किसानों ने की कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

ग्राम मोहारा में रात 10 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 50 एकड़ का पैरावट जला दिया गया है, जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए किसानो ने कार्यवाही की मांग की है।

किसानो ने बताया कि सभी किसानों ने अपने–अपने ब्यारा में नवापारा के पास धान मिजाई करके पैरावट रखे थे लेकिन किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आग लगा दिया गया है, जिसका सूचना थाना प्रभारी सनौद को दिया गया। इस अवसर पर सभापति डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने सभी किसानों को लेकर सनौद थाना में केश दर्ज करवाया, जिसमे प्रभावित किसानो में ऐनुराम साहू 7 एकड़, कंस लाल निषाद दो एकड़, टेटकू राम साहू 7 एकड़, तुलाराम साहू का



चार एकड़, ललेश्वर साहू का तीन एकड़, चोवा रामधनकर का 7 एकड़, दुबे रामधनकर का पांच एकड़, जिराखन धनकर दो एकड़, गिरधारी यादव का एक एकड़, भुनेश्वर निषाद का दो एकड़, इस तरह से लगभग 50 एकड़ का पैरावत जला दिया गया। सभापति डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा थाना प्रभारी जल्द से जल्द जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करें और जिन किसानों का पैरावट जला है उस पर शासन से मुआवजा प्राप्त हो।

# मितानिन की सतर्कता से 52 वर्षीय व्यक्ति को मिला नया जीवन, कुष्ठ से पूर्ण स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

विकासखंड के ग्राम कनेरी में 52 वर्षीय व्यक्ति के सफलता की कहानी जहां तारकेश्वरी साहू द्वारा उक्त व्यक्ति के परिवार में गृह भ्रमण के दौरान परिवार के बीच में कुष्ठ के लक्षण चिन्हों के बारे में बताए जाने पर बताए गए आधार पर कान में गठान, हाथ में सुन्नपन एवं अकड़ होता होने की जानकारी देने पर मितानिन द्वारा जांच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर जाने समझाइश दिया गया।



उक्त पीड़ित व्यक्ति ने बताया मितानीन के बताए गए अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर के कुष्ठ इकाई में एनएमए आरके साहू से जांच कराया। जांच उपरांत कुष्ठ के सभी लक्षण सकारात्मक पाया गया तत्पश्चात मेरा उपचार शुरू किया गया। उपचार नियमित रूप से 12 माह तक चला। दवाई लेने के बाद मैं पूर्ण रूप से ठीक हो गया हूं और वर्तमान में मैं समाज और परिवार के बीच में जीवन यापन कर रहा हूं जिनके लिए शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती द्वारा समुदाय के लोगों से अपील किया गया कि कुष्ठ के मरीजों के प्रति भेदभाव न किया जावे यह एक सामान्य रोग है, हर किसी को यह बीमारी नहीं होती, यदि किसी के शरीर में तेलिया, तांबिया, बदरंगे, सुन्न दाग व हाथ पैर में झुन्झुनू पन लगे तो तत्काल अपने क्षेत्र के मितानिन ⏭ शेष पेज 08 पर

# खीमन का राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल स्पर्धा में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दत्तरेंगा के कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ने वाले खीमन का चयन 69वे राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 के आयु समूह 17 वर्ष फुटबाल के लिए हुआ है।



यह प्रतियोगिता 12 से 17 जनवरी तक खेल अकादमी पानीपत में आयोजित हो रही है। रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव व कोच चन्द्रशेखर पवार ने बताया खीमन वर्तमान में ब्रम्हवीड क्लब रायपुर में रजिस्टर्ड है और पढ़ाई भी रायपुर में ही कर रहे है। पूर्व में चिखली क्लब के नियमित खिलाड़ी थे। खीमन का चयन रायपुर में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के आधार पर किया गया। खीमन शालेय फुटबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेगें। खीमन नर्राटोला का रहने वाले है और फुटबाल में अपने गांव का पहला सदस्य हैं जो फुटबाल में नेशनल खेलने पहुंचा है। शालेय राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन होने पर सपन जेना खेल समन्वयक बालोद, प्राचार्य चिखली विनीता सैनी, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डी प्रवीण कुमार चतुर्वेदी, संजय ठाकुर, सरपंच चिखली हिंछा राम चिराम, दिनेश किशान, जगप्रीत संधू, ग्रामीणजन एवं क्लब के सभी खिलाड़ियों ने हर्श व्यक्त की।



# गुण्डरदेही में वार्ड 12 में 9.68 लाख की लागत से सीसी रोड का भूमिपूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही के विकास कार्यों को गति देते हुए वार्ड क्रमांक 12 में सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। तालाब के नीचे स्थित इस मार्ग पर 9 लाख 68 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा, जिसका भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के कर–कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा और आवागमन को सुगम बनाना हमारी प्राथमिकता है। लंबे समय से इस क्षेत्र में पक्की सड़क की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस अवसर पर पार्षद सलीम खान, मजीद खान, ठाकरे, मयंक अग्रवाल, जुनैद गोरी व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय स्वच्छ पंचायत सम्मेलन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश बालोद एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामलाल नवरत्न बालोद के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारती कुलदीप द्वारा आज बालाजी रिसार्ट सिवनी में आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छ पंचायत सम्मेलन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले से आए मितानीन को सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित योजनाएं जागृति योजना 2025, डॉन योजना 2025, आशा योजना 2025, संवाद योजना ⏭ शेष पेज 08 पर

**सामाजिक प्रतिनिधि और ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे**

# ग्राम अंगारी में स्वामी विवेकानंद जयंती पर विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

- कलश यात्रा, पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ

जिला में स्थित ग्राम अंगारी में स्वामी विवेकानंद जयंती पर विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सर्व सनातनी हिन्दू समाज एवं समस्त ग्रामवासी अंगारी द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने और वन्देमातरम गीत के डेढ़ सौ साल पूर्ण होने पर बेलमांड मंडल अंतर्गत ग्राम अंगारी में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग संयोजक कुटुंब प्रबोधन निर्मल साहू, समाज प्रमुख उपाध्यक्ष जिला समिति हिन्दू सम्मेलन मोहन लाल यादव, विभाग कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति राजनांदगांव शारदा चंद्रा और संत समाज कि ओर से प्रखर वेदांत प्रवक्ता नाड़ी विशेषज्ञ समाजसेवी डॉ पुरुषोत्तम सिंह





राजपूत रहे। कार्यक्रम कि शुरूआत कलश यात्र से हुई, पश्चात सभा का श्री गणेश अतिथियों द्वारा मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी, स्वामी विवेकानंद, भगवान श्री राम की पूजा कर दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर किया गया। सांस—तिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्थानीय विद्यालय के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीतऔर राज्य गीत में नृत्य की रही पश्चात जय बजरंग मानस मंडली बोरी द्वारा मानस की प्रस्तुति हुई।

सभा में निर्मल साहू ने जाति पाती से ऊपर उठ सामाजिक समरसता पर बल दिया और समाज में लवजिहाद और धर्मांतरण पर चिंता प्रकट कर सजग रहने का आव्हान किया। समाज प्रमुख मोहन लाल यादव ने कहा कि लालच मे फंस कर धर्म परिवर्तन के बजाय हमे अपने धर्म की गहराई को महापुरुषों से सीख लेनी चाहिए। दीदी शारदा चंद्रा ने माताओं से कहा कि ना बच्चे की प्रथम गुरु है। वह बच्चे को जो चाहे बना सकती है। इसलिए माताओं को सही उम्र में बच्चों में संस्कार के बीजारोपण की आवश्यकता है।

प्रखर वेदांत प्रवक्ता नाड़ी विशेषज्ञ समाजसेवी गोपुत्र डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने अपने चिरपरिचित ओजस्वी अंदाज में सनातन धर्म की महिमा गेट हुए कहा कि संसार का आदि धर्म सनातन है। दुनिया के सर्व धर्मों उत्पत्ति किसी शक संवत में किसी प्रवर्तक के द्वारा हुई पर कोई ⏭ शेष पेज 08 पर

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी की सफलता के नायकों का सम्मान राज्य मुख्यालय ने ट्रैक सूट और मोमेंटो देकर बढ़ाया हौसला





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रोवर–रेंजरों एवं लीडरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जंबूरी के दौरान विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने वाले रोवर–रेंजरों एवं लीडरों को राज्य मुख्यालय द्वारा मोमेंटो एवं ट्रैक सूट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेन्द्र साहू, राज्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख, राज्य संगठन आयुक्त अमित कुमार क्षत्रिय, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पूनम साहू तथा जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा ने कहा कि रोवर रेंजरों एवं लीडरों ने पूर्ण समर्पण, अनुशासन और एकजुटता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसके परिणामस्वरूप प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन अत्यंत सफल रहा। उन्होंने जिला प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सहयोगी ग्रामीणजनों का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन बालोद से नोडल अधिकारी हिमांशु मिश्रा तथा विकासखंड सचिव सहित जिला संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह के 2 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** मंदिर में चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्गा गणेश मंदिर मटका लाईन, कैम्प 2 स्थित मंदिर में बीते दिनों चोरी की वारदात हुई थी। जिसकी शिकायत समिति के अध्यक्ष ने पुलिस से किया था। अज्ञात ने मंदिर में हनुमान की मूर्ति पर लगा चाँदी का मुकुट, स्टील का बर्तन, लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति समेत अन्य सामान पार हो गया था। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई। पुलिस ने सीसी टीवी को खंगालना शुरु किया तो मुखबिर ने बताया कि दो लोग इस्पात नगर रिसाली निवासी रीना द्विवेदी और बालमुकुंद सोनी को पकड़ा गया। दोनों से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

### हाईवे की रेलिंग तोड़ने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार

**भिलाई।** हाइवे रोड का रेलिंग तोड़ने वाले ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नेहरू नगर भिलाई निवासी दुर्गेश राजपूत ने शिकायत किया था। दुर्गेश हाईवे में इंजीनियरिंग का काम करता है। बाफना टोल प्लाजा से राजनांदगांव जा रही ट्रक ट्रेलर एमएच 40 सीएम 9454 के चालक तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए खपरी नाला मे लगी रेलिंग तोड़ दिया। जबकि वो सार्वजनिक संपत्ति है। घटना में रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गया है।अंजोरा पुलिस ने चालक होशियारपुर पंजाब निवासी जसदीप सिंह को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ धारा 281 बीएनएस, लोक सम्पत्ति का नुकसानी का निवारण अधिनियम 1984 की धारा 03 एवं 184 मो.व्ही.ए. के तहत अपराध कायम किया है।

### नदी में कूद रहीं युवतियों को पुलिस ने बचाया

**भिलाई।** शिवनाथ नदी दुर्ग में 13 जनवरी को आत्महत्या करने दो युवती पहुंची थी। पुलिस की सतर्कता से युवतियों की जान बचा ली गई। मिली जानकारी के मुताबिक युवती ने जब दोपहर में नदी में छलांग लगाते हुए देखा गया तो लोगों ने तुरंत शोर मचाया। मौके पर तैनात गोताखोरों को इसकी सूचना दी। दूसरी घटना देर शाम को हुई। जब युवती जादू-टोना की वजह से परेशान होकर आत्महत्या करने पहुंची। लेकिन पुलिस की व्यवस्था के कारण युवती को बचा लिया गया। डायल-112 पुलिस वैन में पदस्थ जवान इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही आरक्षक बिना देरी किए नदी किनारे पहुंचे और युवती को घेर लिया। जैसे ही युवती नदी में कूदने की कोशिश करने लगी, आरक्षक ने उसे पकड़कर रोक लिया। पुलिस की टीम ने तत्काल महिला पुलिस बल को सूचना दी गई। युवतियों की काउंसिलिंग भी की गई।

राज्य स्काउटिंग गतिविधियों में नेतृत्व, कौशल और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त केंद्र बनकर उभरा

# दुधली राष्ट्रीय जंबूरी में छग रोवर्स रेंजर्स ने जीते 15 नेशनल सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- जंबूरी के दौरान छत्तीसगढ़ के दल ने अपनी कला और कौशल का लोहा मनवाया

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ की मेजबानी में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन 09 से 13 जनवरी तक बालोद जिले के ग्राम दुधली में किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से आए रोवर्स एवं रेंजर्स के बीच स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हर गतिविधि में अनुशासित, संगठित और प्रभावी प्रदर्शन दर्ज कराया। प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी दुधली में आयोजित



विभिन्न प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ को 09 ए ग्रेड एवं 06 बी ग्रेड सहित कुल 15 नेशनल सर्टिफिकेट एवं फ्लैग प्राप्त हुए। कुल ग्रेडिंग के अनुसार रोवर्स को 5, रेंजर्स को 4 तथा संयुक्त वर्ग को 6 ग्रेडिंग प्राप्त हुई। ए ग्रेड में रोवर्स, रेंजर्स और संयुक्त—तीनों वर्गों को 3–3 सफलताएं, जबकि बी ग्रेड में रोवर्स को 2, रेंजर्स को 1 और संयुक्त वर्ग को 3 सफलताएं मिलीं। यह उपलब्धि रोवर्स रेंजर्स के कठिन परिश्रम, निश्छल समर्पण, त्याग की भावना और उत्कृष्ट टीमवर्क का परिणाम है। जंबूरी के दौरान आयोजित स्टेट गेट, कैम्प क्राफ्ट एवं कैम्प फायर प्रतियोगिता में रोवर्स एवं रेंजर्स दोनों वर्गों ने ए ग्रेड अर्जित कर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया। पायोनियरिंग एवं मार्च पास्ट में दोनों वर्गों को बी ग्रेड प्राप्त हुआ।

संयुक्त वर्ग में बैंक वुडमेन एवं एक्जीबिशन एवं एथनिक फैशन शो में ए ग्रेड तथा फोक डांस एवं कलर पार्टी में बी ग्रेड मिला। इस राष्ट्रीय मंच पर रोवर्स, रेंजर्स एवं संयुक्त वर्ग में संतुलित सफलता के साथ छत्तीसगढ़ ने यह प्रमाणित किया कि राज्य स्काउटिंग गतिविधियों में नेतृत्व, कौशल और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है।

## पेण्ड्री में मानव श्रृंखला बनाकर 'विकसित भारत जी राम जी' योजना का समर्थन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौण्डी

विकासखण्ड डौण्डी के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत पेण्ड्री में आदिवासी भाई-बहनों और श्रमिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर केन्द्र सरकार की 'विकसित भारत जी राम जी' योजना का जोरदार समर्थन किया। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में योजना की विशेषताओं और उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने श्रमिकों को मानव श्रृंखला के माध्यम से योजना में उनके योगदान और लाभों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अब श्रमिकों को मानव दिवस 100 से बढ़ाकर 125 दिन की गारंटी दी गई है, और यदि 15 दिन में कार्य उपलब्ध नहीं होता है तो बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही जल संरक्षण और जल संचयन के लिए ग्रामीणों को डबरी बनाकर आजीविका के साधन विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के आवास हितग्राहियों से भी बातचीत की गई और अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर डी.डी. मण्डले, प्रभात कुमार साहू, नीरज वर्मा, सरपंच और तकनीकी सहायक सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने योजना के प्रति पूर्ण समर्थन और उत्साह व्यक्त किया।

# संजारी के विद्यार्थियों ने तालागांव की रूद्रशिव प्रतिमा की प्रतिकृति का किया अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

- प्रतिकृति के माध्यम से विद्यार्थियों ने इतिहास और कला को अनुभवपूर्वक सीखा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर के निर्देशन में कला संकाय के विद्यार्थियों को तालागांव (जिला बिलासपुर) में स्थित रूद्रशिव प्रतिमा की प्रतिकृति के माध्यम से भारतीय प्राचीन कला एवं संस्कृति से परिचित कराया गया। इस अवसर पर महंत घासीदास संग्रहालय, रायपुर से प्राप्त रूद्रशिव प्रतिमा की प्रतिकृति को सहायक शिक्षण सामग्री के रूप में प्रयोग किया गया। व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि यह रूद्रशिव प्रतिमा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित देवरानी-जेठानी मंदिर परिसर, तालागांव



में वर्ष 1987-88 की खुदाई के दौरान प्राप्त हुई थी। यह प्रतिमा छठी शताब्दी (500–600 ईस्वी) की एकाश्म लाल बलुआ पत्थर से निर्मित मानी जाती है, जो शरभपुरीय राजवंश के काल की है। उन्होंने बताया कि रूद्रशिव प्रतिमा शिव के उग्र एवं पशुपति स्वरूप को दर्शाती है, जिसमें सृष्टि और संहार का भाव निहित है। प्रतिमा की विशेषता यह है कि इसके विभिन्न अंगों पर जीव-जंतुओं की आकृतियां उकेरी गई हैं। जटामुकुट सांपों से, भौंहें मेंढक से, नाक गिरगिट से, कान मोर से, मूंछें मछलियों से, ठोड़ी-होंठ केकड़े से, कंधे मगरमच्छ के मुख जैसे, भुजाएं हाथी की सूंड और घुटनों पर सिंह के मुख अंकित हैं।

वहीं छाती, पेट और जांघों पर मानव मुखों की आकृतियां उकेरी गई हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की भूमिका एवं पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण की जानकारी भी दी गई। प्रतिकृति के माध्यम से अध्ययन कर विद्यार्थियों ने भारतीय मूर्तिकला और इतिहास को रोचक व जीवंत रूप में समझा।

## तेज रफ्तार बाइक दौड़ाते असामाजिक तत्व बने खतरा राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

- बाजार चौक से नाका तक असामाजिक तत्व बना रहे आतंक

नगर के संजय नगर क्षेत्र में इन दिनों तेज रफ्तार बाइक दौड़ाने वाले असामाजिक तत्वों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बाजार चौक से लेकर संजय नगर नाका तक प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक तेज गति से बाइक चलाते युवकों को देखा जा सकता है, जिससे आम नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। चिंताजनक बात यह है कि इनमें से अधिकांश बाइक चालक नाबालिग बताए जा रहे हैं, जो बिना किसी डर या नियमों की परवाह किए सार्वजनिक मार्गों पर स्टंट और रफ्तार का प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि समझ से परे है कि नाबालिग बच्चों को बाइक सौंपने वाले उनके परिजन और वाहन मालिक आखिर किस जिम्मेदारी के तहत ऐसा कर रहे हैं। मुख्य मार्ग पर कई स्कूली बच्चों को भी तेज रफ्तार में बाइक चलाते देखा जा रहा है, जो न केवल स्वयं के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी बड़ा खतरा बन चुके हैं। कुछ मनचले युवक बुलेट और अन्य बाइकों में साइलेंसर से फटाखों जैसी अत्यधिक कर्कश और कानफोड़ आवाज निकालते हुए पूरे क्षेत्र में आतंक का माहौल बना रहे हैं। इससे बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों, छोटे बच्चों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों का कहना है कि हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। सुबह और शाम के समय जब स्कूली बच्चे साइकिल से स्कूल आते-जाते हैं, तब इन तेज रफ्तार बाइक चालकों की लापरवाही और अधिक खतरनाक हो जाती है। कई बार बाइक चालकों द्वारा अचानक कट मारने और तेज हॉर्न बजाने से बच्चे घबरा जाते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए, नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ चालान और वाहन जब्ती की कार्रवाई हो तथा तेज आवाज वाले साइलेंसरों पर प्रतिबंध लगाया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते लगाम नहीं लगाई गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## पेंडारी में जिपं सीईओ ने प्रातः कालीनआवास चौपाल लगाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

जिला बालोद अंतर्गत सुदूर वनांचल क्षेत्र डौंडी विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत पेंडारी में प्रातःकालीन आवास चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा आवास के लाभार्थी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद श्री सुनील कुमार चन्द्रवंशी द्वारा आवास चौपाल के माध्यम से नवीन स्वीकृत आवास लाभार्थियो के अप्रारंभ आवासो को यथाशीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन आवासो को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा गया, साथ ही लाभार्थियो को उक्त निर्माणाधीन आवासो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिंस्टम/सोखता गढ्ढा का निर्माण करने तथा पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। योजनान्तर्गत लाभार्थियो से चर्चा करते हुए आवास निर्माण से संबंधित समस्याओ को संज्ञान में लेते हुए तत्काल समाधान हेतु संबंधित अमलो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही चौपाल क़े बाद उक्त ग्राम पंचायत मे रुके हुए एवं अप्रारम्भ आवास का निरीक्षण क़र अप्रारंभ आवासों को यथाशीघ्र प्रारंभ करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा साथ ही अधिकारी/कर्मचारी को हितग्राही की समस्याओं का त्वरित निदान करने के निर्देश दिए। उक्त आवास चौपाल में जिला समन्वयक पीएमएवाईजी, एपीओ मनरेगा, एपीओ एस बी एम, एपीओ एन आर एल एम , सीईओ जे पी, विकासखंड समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग गुरूर, उपभियंता, तकनीकी सहायक आवास / नरेगा, आवास नोडल,सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसंपर्क अधिकारी ने अपने जन्मदिन पर सिवनी स्कूली के बच्चों को कराया न्योता भोज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को न्योता भोज देकर विद्यार्थियों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस न्योता भोज के दौरान श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को स्वयं भोजन भी परोसा।

इस दौरान उन्होंने अपने जन्मदिवस के समारोह में शामिल होकर आयोजन को गरिमामय बनाने के लिए विद्यार्थियों तथा न्योता भोज में शामिल जिला प्रशासन के अधिकारी–कर्मचारियों के प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ठाकुर ने विद्यार्थियों से चर्चा कर उनके अध्ययन–अध्यापन के संबंध में भी जानकारी ली।



ठाकुर ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा को सबसे बड़ा अस्त्र बताते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, त्याग एवं कड़ी मेहनत कर जीवन में उपलब्धि हासिल करने की सीख भी दी। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नही है बस आवश्यकता है दृढ़ ईच्छा शक्ति, सकारात्मक सोंच एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण की। ठाकुर ने बच्चों को समझाईश देते हुए कहा कि मुफ्त में कोई चीज नही मिलती। जीवन में उपलब्धि हासिल करने के लिए अनुशासन एवं त्याग भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव अनुशासित रहने एवं नशापान तथा गलत चीजों का परित्याग करने को कहा। ठाकुर ने विद्यार्थियों के साथ आज बिताए पल को अपने जीवन के महत्वपूर्ण पल में से एक बताते हुए विद्यार्थियों के सफल, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पाण्डेय, जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएस राजपूत, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू सहित जिला जनसंपर्क कार्यालय के सोशल मीडिया समन्वयक तनवीर खान, सहायक ग्रेड 03 मनीष यादव, कृष्णशरण साहू, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक एवं सुरेन्द्र साहू सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 18 को

**बालोद।** सकल हिन्दू समाज द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 18 जनवरी को जय स्तंभ चौक बालोद में दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया गया है।

### आईटीआई गुण्डरदेही में आज प्लेसमेंट कैंप

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में 16 जनवरी को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में मीटर इंस्टालर एव सुपरवाइजर के पद हेतु 16 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दसवीं, बारहवीं एवं किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यथएँ अपने शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते है। इसके साथ ही प्लेसमेंट सहायक अधिकारी सुशील कुमार दुबे से संपर्क कर उक्त संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

# ओबीसी महासभा ने 28 सूत्रीय मांगों को लेकर खोला मोर्चा, राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर 28 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राज्य के विभिन्न जिलों में सौंपा। इसी क्रम में बालोद जिले के डौंडी लोहारा एवं बालोद में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की




विधिवत जातिगत जनगणना कराई जाए तथा छत्तीसगढ़ में ओबीसी आबादी के अनुपात में कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका, मीडिया एवं सार्वजनिक–निजी क्षेत्रों में समानुपातिक संवैधानिक प्रतिनिधित्व (आरक्षण) सुनिश्चित किया जाए। 32 वर्षों से लंबित 27% ओबीसी आरक्षण को अविलंब लागू करने, क्रीमीलेयर व 50% की बाध्यता समाप्त करने, तथा संविधान के अनुच्छेद 15(4) व 16(4) में ओबीसी का स्पष्ट उल्लेख करने की मांग की गई। ज्ञापन में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पालक/अभिभावक की वार्षिक आय सीमा 2.5 लाख रुपये संबंधी केंद्र सरकार के निर्देशों का छत्तीसगढ़ में कड़ाई से पालन कराने, ओबीसी विद्यार्थियों को एससी-एसटी के समान छात्रवृत्ति व छात्रावास सुविधा देने, मंडल आयोग की अनुशंसाएं लागू करने, पृथक ओबीसी मंत्रालय/बजट, ओबीसी सुरक्षा कानून, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, मध्याह्न भोजन रसोइयों के मानदेय में वृद्धि, गन्ना समर्थन मूल्य व खरीदी व्यवस्था सहित विभिन्न जनहितकारी मांगें शामिल रहीं।

### रोड सेफ्टी एंड वैलनेस कैंप का किया आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आज जिला परिवहन कार्यालय द्वारा रोड सेफ्टी एंड वैलनेस कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के लिए लर्निंग लाइसेंस शिविर भी संचालित किया गया। कैंप के दौरान जिला आरटीओ अधिकारी श्री लकड़ा एवं श्री बंजारे ने प्रशिक्षणार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व, यातायात नियमों के पालन और स्वस्थ जीवनशैली पर विचार साझा किए। प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया का लाभ उठाया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

## पेज 7 के शेष

### मितानिन की सतर्कता से 52 ...

एएनएम एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में परामर्श व उपचार लेवे, यह रोग साध्य है असाध्य नहीं, डरने घबराने की जरूरत नहीं है, लोगों को कुष्ठ के भ्रांतियों को दूर कर जागरूक करें ताकि हमारा देश कुष्ठ मुक्ति हेतु अग्रसर हो सके। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क परामर्श व उपचार दी जाती है।

### जिला स्तरीय स्वच्छ पंचायत ....

2025, सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005, एफआइआर दर्ज कराने की प्रक्रिया, निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा एवं नालसा का टोलफ्री नंबर 15100 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया गया।

### ग्राम अंगारी में स्वामी ...

नही कह सकता कि सनातन कों किसने चलाया। चमत्कार देख धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों पर प्रहार करते हुए कहा कि भारत का इतिहास महापुरुषों के चमत्कार से भरा पड़ा है। जरूरत उसे जानने की है। स्वामी राम दास जी चिता में जल रहे लाश को पुनजऍवन देने की घटना को सामने रख समर्थ राम दास होने और शिवाजी महाराज द्वारा शेरनी को गाय की दुहने का उदाहरण देकर लोगों को अवगत कराया। अपने खा की आज वेदांत ही माध्यम है जो ऊंच नीच के भेद को मिटा कर हमें एक सूत्र में बांध सकता है। मंच संचालन राष्ट्र सेविका कु टेमिन ने किया। सभी समाज प्रमुखों को सम्मान दिया गया। सम्मान पाने वालों में कृष्णा साहू, लखन रातें, डॉ विशंभर सिन्हा, भोला साहू, देवदास, खीलेश्वर पटेल, रमेश रावते, जीएल खुरश्याम, श्याम लाल निषाद रहे। आभार प्रदर्शन जागेश्वर पटेल ने किया। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह संतोष साहू, जिला सह कार्यवाह विनोद साहू, खंड कार्यवाहयादवेंद्र वर्मा, नगर संघ चालक संतोष दुबे, जिला प्रमुख गो सेवा गतिविधि योगेश्वर यादव सहित ग्राम पटेल हेमंत सिन्हा, मन्नू साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष सुग्रीव सिन्हा, सोनखुटिया, डॉ नागे, कीर्तन सिन्हा सहित समस्त ग्रामवासी अंगारी का सहयोग रहा।

### जिपं सीईओ चंद्रवंशी ...

शेष प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों को 30 मार्च 2026 तक शत प्रतिशत पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी पूर्ण आवासों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला समन्वयक, एपीओ मनरेगा, आवास समन्वयक, उप अभियंता तकनीकी सहायक एवं विकासखंड समन्वयक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### उपाध्यक्ष जिपं तोमन साहू ने उच्च न्यायालय के निर्णय पर जताया आभार



**बालोद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ राज्य के चुनाव को रद्द करने की याचिका पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद और चेयरमेन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी तोमन साहू ने न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया है। तोमन साहू के समर्थकों ने इस निर्णय पर खुशी जाहिर की है और कहा है कि यह न्याय की जीत है। उन्होंने कहा कि तोमन साहू ने हमेशा समाज के हित में काम किया है और इस निर्णय से उनकी प्रतिष्ठा और बढ़ी है। तोमन साहू ने कहा कि वे न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हैं और आगे भी समाज के हित में काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयर मैन के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाएंगे और समाज के लोगों के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर तोमन साहू के समर्थकों ने उनके नेतृत्व में जश्न मनाया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि तोमन साहू का नेतृत्व समाज के लिए हमेशा फायदेमंद रहेगा और वे उनके साथ हमेशा खड़े रहेंगे।

### कुकर बिरयानी के मैनेजर व कर्मियों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बिरयानी के कम पीस देने को लेकर मैनेजर व होटल कर्मियों ने युवकों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने कुकर बिरयानी के मैनेजर व दो अन्य कर्मियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि एयरटेल फाईबर कंपनी सुपेला आकाशगंगा में वाईफाई लगाने का काम करने वाला के राजेश अपने दोस्त राकेश साहू, हर्ष कपूर के साथ कुकर बिरयानी स्मृति नगर भिलाई में खाने पहुंचे थे। तीन हाफ बिरयानी का आर्डर कुकर बिरयानी सेन्टर के मैनेजर को दिया गया। पीड़ितों को बिरयानी में पीस कम दिया और अन्य को ज्यादा पीस दिया जा रहा था। जिसे लेकर राकेश साहू, हर्ष कपूर ने कुकर बिरयानी के मैनेजर समेत अन्य कर्मियों को पीस कम देने की बात बोला गया। इसी बात को लेकर कुकर बिरयानी मैनेजर और दो कर्मियों में पीड़ितो को गाली गलौज करना शुरु कर दिया। शराब पीकर होटल में पहुंचने का आरोप लगाकर मैनेजर व कर्मियों ने पीड़ितों को जान से मारने की धमकी दे डाली। बिरयानी शॉप का मैनेजर अपने हाथ में रखे चम्मच व दो कर्मियों ने हाथ में पहने कड़ा से मारपीट करना शुरु कर दिया।

## निधन

### फागुराम साहू



**लाटाबोड़।** ग्राम नागाडबरी निवासी 75 वर्षीय फागुराम साहू का निधन 15 जनवरी को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्ति धाम में किया गया। वे शुभोतिन बाई के पति एवं भोलेश धर्मेंद्र सोनवानी के पिता थ।

## स्पर्धा : मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जगतरा पुरूर संकुल में गणित-विज्ञान क्विज आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संकुल जगतरा व पुरूर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गणित–विज्ञान क्विज का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक अभियान है, जिसका उद्देश्य 6–18 साल के बच्चों में विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है, जिसमें विज्ञान प्रदर्शनियां, क्विज प्रतियोगिताएं, मॉडल निर्माण और उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ सहयोग जैसी गतिविधियां शामिल हैं, ताकि उनमें अन्वेषण और नवाचार की भावना विकसित हो सके, जिसके तहत कई स्तरों पर प्रतियोगिताएं होती हैं। इसी के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर के प्राचार्य बीआर ठाकुर के मार्गदर्शन तथा संकुल केंद्र पुरूर व जगतरा के समन्वयक दिलीप कुमार साहू के संयोजन में गणित एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय जगतरा, बोरिदकला, पुरूर, चिटौद व चन्दनबिरही के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मुकेश, चेतना, योजित व लक्षिका बनी विजेता





माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों को लिखित, मौखिक तथा फास्टेस्ट ट्रैक प्रश्नों के माध्यम से अपनी मेघाशक्ति परखने का अवसर दिया गया, जिसमें जगतरा संकुल के बोरिदकला से मुकेश कुमार सिन्हा ने प्रथम तथा नम्रता सिन्हा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरूर संकुल से चंदनबिरही की चेतना साहू ने प्रथम तथा पुरूर की फरिश्ता सेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसमें जगतरा से रुद्र नेताम, ख्याति पोर्ते, चिटौद से जियारानी ढीमर, निकिता चेलक, चंदनबिरही से हिमांशु कुमार सेन व पुरूर की सारिका ने भी भाग लिया। विजेताओं को संकुल प्राचार्य बीआर ठाकुर के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### नवोदय परीक्षा मॉक टेस्ट की टॉपर्स का हुआ सम्मान

इसी कड़ी में प्राथमिक स्तर पर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु आयोजित किए गए तीन चरणों के मॉक टेस्ट के टॉपर्स विद्यार्थियों में बोरिदकला की लक्षिका मंडावी प्रथम, कुलदीप सिन्हा द्वितीय तथा पुरूर योजित प्रजापति प्रथम, चिटौद के टिंकल धुरव द्वितीय को संकुल प्राचार्य ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### संकुल के शिक्षकों ने आयोजन में दी महत्वपूर्ण योगदान

चिटौद के शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में बच्चों में निहित आंतरिक प्रतिभाओं को सृजनात्मक दिशा प्रदान करने में दोनों संकुलों से शिक्षकों विद्याभूषण साहू, ईश्वरी बाघमार, धर्मेश्वरी साहू, निर्णायक गीताजंली साहू, परीक्षा संयोजक मदन लाल साहू को भी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सहयोगी शिक्षकगणों में खेमलता ठाकुर, रामेश्वरी साहू, श्यामलाल साहू, लोकेश्वर चंद्राकर व नमिता वारदे ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राचार्य बीआर ठाकुर ने इस प्रतियोगिता को बच्चों के उज्जवल भविष्य निर्माण में उपयोगी सिद्ध होने की बात कही।

# ग्राम चुल्हापथरा में श्रीराम चरित मानसगान सम्मेलन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- विशेष अतिथियों की उपस्थिति और ग्रामीण सहभागिता रहेंगी
- सम्मेलन का उद्देश्य: सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना

ग्राम चुल्हापथरा में त्रि दिवसीय संगीतमय श्रीराम चरित मानसगान सम्मेलन का आयोजन 16 जनवरी से किया गया है। जिसका समापन 18 जनवरी को होगा। जिसमे 16 जनवरी को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष ग्रामीण समिति चुल्हापथरा खेमलाल साहू करेंगे। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद कौशल साहू, पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद मीना सत्येन्द्र साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल गुरूर धर्मेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर सुभद्रा ईश प्रकाश साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी भागा बाई रामदयाल साहू, पत्रकार गुरूर ओमप्रकाश टुवानी, जीआर कुल्हारा, आरडी कुल्हारा, गौकरण साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी मानवेन्द्र मंडावी, प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति मोखा "याम लाल सिन्हा व पंचगण के साथ ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

द्वितीय दिवस 17 जनवरी को मुख्य अतिथि उद्योगपति गुरूर जयंत किरी होंगे। अध्यक्षता गौकरण अडिल करेंगे। विशेष अतिथि मनीश जैन, पद्माकर वाईकर, सचिव कृष्ण गोपाल गौशाला चुल्हापथरा ओप्रकाश टुवानी, गोपाल राठी, पूर्व जनपद सदस्य वियज गंजीर, पप्पू कांकरिया, खेदूराम साहू, ग्रामीण कृशि विकास अधिकारी कन्हारपुरी बसंत भुआर्य, रामाधर साहू उपस्थित रहेंगे। मंच संचालन रामदयाल साहू, हलयुद्व साहू करेंगे।

समापन समारोह के अवसर पर 18 जनवरी को मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू करेंगे।

विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन लाल साहू, उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर दुर्गाराम सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि जिला बालोद डॉ किशोर साहू, महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर सुमित राजा राजपूत, बुथ प्रभारी कांग्रेस कमेटी गुरूर उत्तम साहू, गजाधर साहू, सम्मेलाल यादव, पंच पंकज चिराम, संतोश कुंजाम, किशुन लाल सेन, पंचगण, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति चुल्हापथरा मनोज कुमार भंडारी, सचिव ग्राम विकास समिति चुल्हापथरा यशवंत सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

# निजी चिकित्सक कल्याण संघ की बैठक में संगठन की मजबूती और सेवा कार्यों पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला बालोद का कार्यकारिणी का बैठक संपन्न हुआ। जिसमे जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए और चिकित्सकों को समस्या से बचने के लिए कई निर्णय लिया गया। सभी ब्लॉकों के अध्यक्षों से जानकारी लिया गया कि कितने–कितने चिकित्सक संघ में जुड़े हुए हैं, उसके बाद संगठन पर विशेष ध्यान देते हुए संघ की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए कहा गया।

निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला बालोद की ओर से जिला स्तरीय साल में एक बार सम्मेलन किया जाएगा और चिकित्सकों का सम्मान कार्यक्रम किया जाना तय किया गया है, सभी ब्लॉकों में हर महीने की मीटिंग में कहीं ना कहीं सेवा भाव कार्य करना है जैसे स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर या वृद्ध आश्रम में सेवा देने का निर्णय लिया गया है और मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मिलने के लिए प्रस्तावित किया गया है।

इस अवसर पर संघ की संरक्षक एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरिकृष्ण गंजीर, जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू, कोषाध्यक्ष डॉ बलराम साहू, जिला महामंत्री एवं ब्लॉक अध्यक्ष गुण्डरदेही डॉ रोहित कुमार साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बालोद डॉ धर्मेंद्र कुमार और ब्लॉक संरक्षक गुरूर डॉ नारद राम साहू, डॉ प्रकाश साहू, डॉ टोडरमल साहू, डॉ चंद्रकांत गुरवाणी, डॉ विनय कुमार साहू, डॉ भूपत साहू, डॉ अभिषेक योगी एवं कार्यकारिणी के सभी चिकित्सक बंधु के उपस्थिति मे कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुआ।

# सेम्हरडीह में दो दिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन 17 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



समीप के ग्राम सेम्हरडीह (संबलपुर) में शिव शक्ति सत्संग समिति एवं समस्त ग्रामवासी सेम्हरडीह के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन का आयोजन 17 जनवरी शनिवार एवं 18 जनवरी रविवार को किया गया है । 17 जनवरी को उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुन्नी मानकर जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्ष डेविड बारले सरपंच ग्राम पंचायत सेम्हरडीह, विशिष्ट अतिथिगण संगीता प्रीतम, रामेश्वर ठाकुर से. नि. प्रधानपाठक एवं संरक्षक आयोजन समिति , बलदेव यादव शिक्षक, रमेश प्रसाद फांफरे , समारू राम ठाकुर ,छोटेलाल साहू दीनदयाल निषाद होंगे। 18 जनवरी को समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर के. एस. सिन्हा अध्यक्षता कन्हैयालाल श्रीवास विशेष अतिथिगण - डॉ दाऊलाल निषाद , चुन्नी प्रीतम , बचन सिंह भूआर्य उतरा मानकर , रोहित नायक, दिलीप निषाद, दिलीप प्रीतम होंगे। ग्रामवासियों के सहयोग से मानस मंडलियों के लिए पुरस्कार राशि रखी गई है। 17 जनवरी प्रथम दिवस को प्रसिद्ध मानस मंडलियों में श्रृद्धा सुमन बालिका मानस मंडली पचपेड़ी धमतरी, पवन धारा मानस परिवार छुईहा गरियाबंद, किशन कन्हैया मानस मंडली गोटीटोला उत्तर बस्तर, माधुर्य मानस प्रचार समिति पोटियाडीह धमतरी, हंसवाहिनी बालिका मानस परिवार रामनगर भिलाई, जय मां शीतला मानस परिवार धवलपुर गरियाबंद । द्वितीय दिवस 18 जनवरी को सरगम मानस मंडली सातपारा अभनपुर रायपुर, सुरमयी मानस परिवार नेवई गरियाबंद, श्रीराम मानस परिवार भोड़िया भानुप्रतापपुर , स्तुति मानस मंडली अमोरी झलप महासमुंद, सुर-ताल मानस मंडली खपरी पथरिया मुंगेली, जय संस्कार बालिका मानस मंडली राजपुर धमतरी अपनी प्रस्तुति देंगी। उद्घोषक पवन कुमार बिजेभांठा होंगे । इन्हीं दोनों दिनो में ये मानस मंडलिया ग्राम कोटेरा एवं ग्राम कोचेरा में भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# समग्र शिक्षक फेडरेशन की एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को लागू कराने ,सहायक शिक्षकों की वर्षों से लंबित वेतन में विसंगति दूर करने एवं टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने 17 जनवरी को एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। प्रांतीय आह्वान पर यह आंदोलन जिला बालोद में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष एलेन्द्र यादव के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। फेडरेशन का कहना है कि सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति अब तक दूर नहीं की गई है, जिससे हजारों शिक्षक आर्थिक व मानसिक रूप से प्रभावित हैं। वही टीईटी को अनिवार्य बनाए रखने और वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति को शिक्षक समुदाय अपने पेशेवर सम्मान और व्यावहारिक कठिनाइयों के खिलाफ मान रहा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर शिक्षक संगठन ने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए आंदोलन का रास्ता चुना है इस एक दिवसीय हड़ताल में बालोद जिले के पांचों विकासखंडों गुण्डरदेही, गुरुर, डौण्डी लोहारा, डौण्डी व बालोद ब्लॉक के सभी पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में सभी वर्गों के शिक्षक समुदाय (सहायक शिक्षक, शिक्षक व व्याख्याता) हड़ताल में शामिल रहेंगे। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनिल दिल्लीवार ने बताया कि 17 जनवरी को होने वाले एक दिवसीय आंदोलन मुख्य चार मांगो को लेकर किया जा रहा है। जिसे सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल किया था। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला सचिव खिलानंद साहू ने बताया कि 17 जनवरी को होने वाले एक दिवसीय हड़ताल के संबंध में कलेक्टर महोदय व जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जा चुका है तथा शिक्षक समुदाय भी अभी से स्कूलों में आंदोलन के लिए आवेदन देना शुरू कर दिए हैं तथा ब्लॉक व जिला पदाधिकारी गण आनलाइन व आफलाइन बैठक करके सभी शिक्षकों को लामबंद कर रहे हैं।आंदोलन को संबंध में ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र हरमुख के साथ साथ जिला अध्यक्ष एलेन्द्र यादव, जिला संयोजक अश्वनी सिन्हा,कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनिल दिल्लीवार, जिला उपाध्यक्ष धनेश यादव, जिला सचिव खिलानंद साहू, जिला कोषाध्यक्ष दयाराम चुरेन्द्र, जिला मीडिया प्रभारी हेमंत देशमुख,सह कोषाध्यक्ष शिवकुमार चौरके, जिला प्रवक्ता लालमणि साहू, संजय सेन, जिला सहसचिव नारायण साहू, जिला संगठन सचिव भोज राम सिन्हा, जिला महामंत्री लोकेंद्र यादव,चेतन गंगबेर, हेमेंद्र चन्द्रहास, जिला संगठन मंत्री गेवेन्द्र मानिकपुरी, जिला सह संगठन मंत्री पूनम चंद्राकर, डुप्ले साहू, जिला प्रचार मंत्री- अरविंद कुमार यादव,उत्कल सार्वा, जिला ब्लाक समन्वयक लाल रघुवीर सिंह ठाकुर,डामन पटेल,खेमंत साहू,निर्मल दुबे,गिरवर निर्मलकर, प्रभुलाल सिन्हा,लोहारा ब्लाक अध्यक्ष संभव देवांगन, हेमंत साहू, दीपक पटेल,एनुका शार्वा, मदन लाल साहू, मोहन सिन्हा, नकुल एलेन्द्र, जागेश्वर पटेल, शैलेन्द्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# मानव कल्याण आश्रम बघमरा में मकर संक्रांति पर्व पर वृहद सत्संग समारोह हुआ



**गुण्डरदेही।** मानव कल्याण आश्रम बघमरा में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर वृहद सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। भक्ति रस में सराबोर चंद्रकला साध्वी साहेब का भजन के साथ अनेक विद्वान संतों के द्वारा आध्यात्मिक प्रवचन किया गया। मुख्य अतिथियोग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा उपस्थित हुए। जिन्होंने कहा संत अपने जीवन को त्याग कर समाज को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ते हैं जिनका उद्देश्य होता है, मनुष्य इस लोक एवं परलोक दोनों में सुखी रहे इसके लिए त्याग समर्पण एवं प्रेम की प्रेरणा देते हैं। जैसे गुड़ से सना तिल लड्डू बन जाते हैं, उसी प्रकार अपनी मीठी वाणी एवं कर्म से संत गण समाज को जोड़ते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, योगाचार्य केशव राम साहू, अरुण साहू, आजू राम पटेल, बीआर साहू, भानुमति साहू, कविता साहू, अंजू साहू सहित अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। आश्रम के संस्थापक गुरु प्रसाद मानववादी ने बताया कि मानव कल्याण में एकता सद्भाव बने रहे इसके लिए विशेष पर्व एवं समय–समय पर आध्यात्मिक सत्संग प्रवचन आदि आयोजित की जाती है।

## जनप्रतिनिधियों की रही सक्रिय सहभागिता

# रक्तदान शिविर गुरुर में 73 यूनिट रक्त का संचय किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



देउर मंदिर सामुदायिक भवन गुरुर के पावन धारा पर जीवनदान महाकुंभ 2026 रक्तदान शिविर में 73 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमे रक्तदान के लिए जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू के साथ पहुंचे उनके पति संजय साहू ने भी रक्त दान किया।

जिले में जीवनदान महाकुंभ रक्तदान शिविर का आयोजन 14 जनवरी को प्रातः 9 बजे से देउर मंदिर सामुदायिक भवन में किया गया, जिसमें 291 ने रजिस्ट्रेशन कराए 94 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिए, जिसमें से 73 रक्तदाताओं ने दान किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, कौशल साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, रविकांत देशमुख के साथ इंचार्ज डॉ सत्यनारायण पांडेय, कैंप प्रमुख कमल दास मानिकपुरी रेडक्रास सोसायटी उपस्थित थे।

अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इस पुनीत कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के प्रथम रक्तदाता चूरामन लाल रहे। रेडक्रास ब्लड बैंक सोसाइटी रायपुर की टीम का प्रतिवर्ष की भाती विशेष सहयोग रहा। रामानंद संप्रदाय की ओर से बालोद जिला से जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार साहू, जिला रक्तदान शिविर प्रमुख भूपेश कुमार निषाद, तहसील प्रमुख गुरुर पंचबति मंडावी, तहसील प्रमुख बालोद भूखन बघेल, बालोद तहसील सचिव देव कुमार निषाद युवा टीम तेजस्व राव जाचक, भूमिका, छगन बघेल, कुसुम, तोशिका, कुंदन दर्रो अमित, सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य मानव सेवा और जनकल्याण की भावना को सुदृढ़ करना रहा, जिसमें समाज के सभी वर्गों का सक्रिय सहयोग देखने को मिला।

# सरस्वती शिशु मंदिर पुरूर में युवा दिवस एवं पथ संचालन कार्यक्रम हुआ



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में युवा दिवस एवं पथ संचालन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विवेकानंद, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, भगिनी निवेदिता, लक्ष्मी बाई के पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। विवेकानंद का वेशभूशा का धारण भैया पुष्कर एवं तुशार सिन्हा द्वारा किया गया। भारत माता प्रियंका साहू, छत्तीसगढ़ महतारी करूण सिन्हा, भगिनी निवेदिता, हेमा साहू एवं लक्ष्मी साहू, तनु साहू ने वेशभूशा धारण किया। नगर भ्रमण झांकी एवं जयघोश के साथ दुर्गावती चौक पर विकासखण्ड समन्वयक गुरूर के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवन पर प्रकाश डालते हुए जयकारे लगाए गए। योगे"वर प्रसाद द्वारा युवा दिवस पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। खुशी पटेल एवं तुशार साहू द्वारा जीवनी पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य द्वारा विवेकानंद जी की जीवनगाथा पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान 17 आचार्य, 195 भैया, 205 बहन, 02 विवेकानंद, 01 छत्तीसगढ़ महतारी, 01 भारत माता, 01 भगिनी निवेदिता, 01 लक्ष्मी बाई कुल 423 लोग सम्मिलित हुए।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### फुण्डा बोरगहन में मड़ई मेला 17 जनवरी को

**बालोद/कलंगपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध एवं सप्ताहिक शनिचरी बाजार ग्राम फुण्डा बोरगहन की वार्षिक मड़ई मेला का आयोजन 17 जनवरी शनिवार को रखा गया है। उक्त आयोजन धान संग्रहण केन्द्र फुण्डा के हेमाल संघ, ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी बोरगहन फुण्डा के संयुक्त तत्वावधान रखा गया है, साथ ही रात्रिकालीन कार्यक्रम राम अनुराग की प्रस्तुति रखी गई है। जिसमें अतिथिगण पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, जनपद सदस्य रामेश्वर चन्द्राकर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही भोजराज साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बोरगहन प्रतिमा देशलहरे, उपसरपंच सुनील चन्द्राकर, फण्ड प्रभारी धान संग्रहण केन्द्र टीडी मानिकपुरी, पूर्व सरपंच संतराम चन्द्राकर उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी हेमाल संघ अध्यक्ष रामचंद्र बघेल ने दी।

### दो दिवसीय भव्य रामधुनी 17 जनवरी से

**लाटाबोड़।** भक्तगुहा निषादराज जयंती एवं मकर सक्रांति के पावन पर्व पर ग्राम परसाही में दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी महासंघ सम्मेलन का आयोजन जय शीतला रामधुनी पार्टी एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से 17 एवं 18 जनवरी को रखा गया है। आयोजन समिति के संचालक होमन लाल साहू ने बताया इसमें आकर्षक पुरस्कार रखा गया है।

### रमतरा में तीन दिवसीय मानस गान स्पर्धा आज से

**गुरूर।** नवजागृति मानस प्रचार समिति एवं समस्त ग्रामवासी रमतरा के तत्वाधान में 16, 17 एवं 18 जनवरी को तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें पुरुष वर्ग के लिए प्रथम 3226 रुपये, द्वितीय 2926 रुपये, तृतीय 2626 रुपये, चतुर्थ 2326 रुपये एवं पंचम 2026 रुपये पुरस्कार रखा गया है। वही महिला वर्ग के लिए प्रथम 3026 रुपये, द्वितीय 2726 रुपये, तृतीय 2426 रुपये, चतुर्थ 2126 रुपये एवं पंचम 1826 रुपये पुरस्कार रखा गया है। विशेष पुरुस्कार अलग से रखी गई है। प्रतियोगिता में 16 जनवरी को सुबह 10 बजे कलशयात्रा के पश्चात मानस प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सरपंच सातो ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में होगी। अध्यक्षता जगदीश ज्वेलर्स गुरुर करेगे। विशिष्ट अतिथि नीरज हिरवानी, उत्कल साहू, अंबिका यादव, ललिता साहू,मीना साहू, अनिता साहू रहेंगे।

### वार्षिक परीक्षा के लिए 25 तक ऑनलाइन आवेदन

**गुरूर।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले स्नातक अंतिम वर्ष बीए, बीएससी, बीकॉम के रेगुलर एवं प्रायवेट छात्र छात्राएं तथा स्नातक द्वितीय वर्ष बीए, बीएससी, बीकॉम के भूतपूर्व एवं पूरक छात्र छात्राएं विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 25 जनवरी तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो केएल रावटे ने कहा ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेज के साथ महाविद्यालय में जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना का अवलोकन किया जा सकता है।

महायज्ञ

**ग्रामवासियों और स्थानीय नेताओं की सक्रिय सहभागिता**

# ग्राम जेवरतला में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में मंगल कलश यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष अखण्ड दीप तथा गुरुदेव के तप के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम जेवरतला में दो दिवसीय शक्ति संवर्धन पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ यज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया गया।

जिसके प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकरीष्ण गंजीर, सरोज साहू, गोमती साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्राम जेवरतला के प्रज्ञा महिला मंडल एवं क्षेत्र की पीला वस्त्र धारी बहनों एवं माताओं ने अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर गीत संगीत के साथ वरुण देव का आवाहन पूजन कर गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर देव कलश की आरती पूजा की गई। देवमंच पर ब्रह्म वादनी बहनों की टोली नायक चम्पेश्वर साहू द्वारा गुरु देव,






माताजी का दिव्य संदेश सुनाए तथा भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कृति एवं विभिन्न संस्कार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।

इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से प्रतिनिधि चम्पेश्वर साहू, लेखराम साहू, डॉ गोपाल साहू, वरुण कुमार साहू, डोमन साहू थे। पावन प्रज्ञा पुराण कथा में व्यक्ति निर्माण परिवार निर्माण समाज निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यज्ञ एवं गायत्री मंत्र की महिमा की विस्तृत जानकारी दी।

सायंकालीन दीप महायज्ञ में उपासना, साधना, आराधना पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू गुण्डरदेही व क्षेत्र के जनपद सदस्य मानसिंह साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्रामीण जन अपने घरों से दीप लेकर शामिल हुए और वेद मंत्रें के साथ नव युग के की स्थापना, मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लिए दीप जला कर माहआरती किया गया। इस अवसर पर मानसिंह साहू ने कहा की सभी को गुरुदेव की मार्गदर्शन पर चलना चाहिए और अपने परिवार को सुख में रखने के लिए हमें गुरु बनाना बहुत जरूरी है। सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा गायत्री मंत्र में ही बहुत बड़ी शक्ति है जो व्यक्ति रोज गायत्री मंत्र का जप करता हैं उनका भविष्य उज्वल बन जाता है। गुरु और शिष्य की अत्यधिक रिश्ता है जिसमें गुरु अपने तप साधना का पुण्य शिष्य को प्रदान करता है। गायत्री परिवार प्रज्ञा महिला मण्डल एवं समस्त ग्राम वासी जेवरतला के परिजन दीप यज्ञ में शामिल हुवे। द्वितीय दिवस प्रातः 10 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। जिसमें डॉ हरिकृष्ण गंजीर रुखमती गंजीर, डॉ राकेश सार्वा, राजकुमारी सार्वा, रुखमणी, युवराज साहू, गुलशन साहू उपस्थित थे। जिसमे 1 पुंसवन संस्कार, 15 विद्यारंभ संस्कार, 10 मुंडन संस्कार, 11 दीक्षा संस्कार, 1 अन्नप्रासन संस्कार, एक नामकरण संस्कार किया गया। सभी परिजनों ने यज्ञ किया, अन्त में यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। तत्पश्चात आरती, समस्त देवशक्तियों की विदाई के साथ चम्पेश्वर साहू द्वारा पाथेय संदेश के साथ टोली की बिदाई की गई। कार्यक्रम में संचालन यशवंत साहू किया।

इस अवसर पर ग्राम जेवरतला दिनेश्वर साहू, डॉ राकेश सार्वा, नीलकंठ कुबेर, खिलेंद्र सार्वा, नरेंद्र सार्वा, डॉक्टर मीना बाई सार्वा, मोतीम सार्वा, छबीला सार्वा, दयालु राम साहू, रामप्रसाद साहू, नेमीचंद सार्वा, हीरक मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, शंकर लाल साहू, जोहनी साहू, रामूलाल सिन्हा, शालिक राम साहू, अनूसुईया साहू एवं हीरक मंडल मोहारा के सभी ग्राम के अध्यक्ष एवं जेवरतला के समस्त माताएं, भाईयों, बहन उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर गुरूर में स्वस्थ जीवन शैली पर प्रेरक कार्यक्रम हुआ





**गुरूर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के युवा प्रभाग आरईआरएफ के संयुक्त तत्वाधान में 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में स्वस्थ जीवन शैली विषय पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय गुरूर में कार्यक्रम किया गया। जिसमें विद्यालय के आचार्य, शिक्षिकाएं और ब्रह्मा कुमारीज के बीके सरस बहन, बीके प्रिया बहन, बीके षष्ठकृत साहू, बीके नंदकुमार साहू तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विवेकानंद जी के तैलचित्र पर माल्या अर्पण कर किया गया। तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी विवेकानंद के जन्मदिन तथा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य को समझाएं, आगे उन्होंने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली विषय पर विस्तार पूर्वक विवेकानंद के आदर्श मार्गदर्शन पर चलने की प्रेरणा देते हुए शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, व्यवहारिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, स्वास्थ्य कैसे बना कर रखें विस्तार पूर्वक समझाया, नैतिक मूल्य पर तथा जीवन में सबसे बड़ी कुंजी दुआएं अपने बड़ों से लेनी चाहिए क्योंकि दुआ सबसे बड़ी दवा है, जो जीवन में आने वाली है समस्याओं परिस्थितियों से हमारी रक्षा करता है, इसलिए अपने बड़ों का सम्मान करें, हमेशा खुश नहीं दिनचर्या व्यवस्थित रखे, सुबह जल्दी उठ कर ध्यान मेडिटेशन करें, आध्यात्मिक बातों का चिंतन करें, सात्विक भोजन करें, लोगों के साथ अच्छा व्यवहार बनाकर रखें, रात को सोने के पहले मन को शांत कर अपने मन बुद्धि को क्लीन एंड क्लियर कर सोए। आचार्य जी ने अपने वक्तव्य में बच्चों को विवेकानंद जी के नक्शों कदम पर चलने के लिए प्रेरित किया।

### ठेकवाडीह में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता, 30 टीमों ने लिया भाग

**गुरूर।** शुभम कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासी ठेकवाडीह के तत्वाधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे 30 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमे शुभम कबड्डी क्लब ठेकवाडीह प्रथम, दितीय आदर्श कबड्डी दल परेवाडीह, तृतीय बूढादेव कबड्डी दल बोहारडीह एवं चतुर्थ युवा कबड्डी क्लब बासीन विजयी हुए। ग्रामीण अध्यक्ष मदन मोहन साहू ने कहा कि गांव के युवा शुभम एक हुनर खिलाडी के नाम से जाना जाता था लेकिन आज भी युवक उनके नाम से कबड्डी क्लब के माध्यम से खेल प्रतियोगिता संपन्न हो रहे है। पूर्व सरपंच भारती मरकाम ने कहा कि युवा वर्ग लगातार कबड्डी के खेल को जीवंत बनाए रखे है, खेल हार जीत का खेल है, कोई हारता है तो कोई जीत कर विजय हासिल कर उत्साहित होते है। इस अवसर पर सुकमा टीआई चौतराम साहू, प्रधान आरक्षक राकेश साहू, कन्हैया राम साहू, हेमन्त साहू अतिथि उपस्थित थे। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दुष्यंत कुमार साहू, शिवदयाल भंडारी, आशीष साहू, पंकज साहू, गुलशन साहू, बृजराज साहू, अभिषेक ठाकुर, योगेश यादव, दद्दू साहू, मानसिंग साहू, डोमार साहू सहित समिति एवं ग्रामवासी का सहयोग रहा।

## छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा




विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल संबलपुर में शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती निःशुल्क सायकिल वितरण योजना के तहत पात्र कक्षा 9वीं की छात्राओं को

■ विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति, कक्षा 9वीं की छात्राओं को मिली सायकिल

सायकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुन्नी मानकर सदस्य जिला पंचायत बालोद रहे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत संबलपुर की सरपंच रेणु गायकवाड़ ने की। विशेष अतिथि के रूप में टिकेश्वरी साहू (सदस्य जनपद पंचायत डौण्डी लोहारा), अभय साहू (अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति), प्रकाशचंद जैन, देवराज रात्रे तथा सेवानिवृत्त व्याख्याता एन.आर. गंगबोइर उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत गुलाल तिलक लगाकर किया गया। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य दयालूराम पिकेश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बीपीएल वर्ग की बालिकाओं को सायकिल प्रदान की जाती है, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति और शिक्षा में निरंतरता बनी रहती है।

इस अवसर पर प्राचार्य पिकेश्वर ने विद्यालय की मूलभूत समस्या बताते हुए पेयजल हेतु बोर खनन कराने की मांग रखी। अतिथियों ने समस्या पर सहमति जताते हुए शीघ्र बोर खनन कराने का आश्वासन दिया। वक्ताओं ने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा तथा आवागमन में सुविधा होगी।

कार्यक्रम में पात्र छात्राओं को पालकों की उपस्थिति में सायकिल वितरित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता वाय.पी. आर्य, आरके यादव, प्रीति साहू, रीता चौरसिया, मनीषा बेर सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन वाय पी आर्य ने किया।

## राष्ट्रीय रोवर-रेंजर्स कैंप से लौटने पर अभिनंदन किया



**डौंडीलोहारा।** नगर के सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय रोवर रेंजर्स कैंप दुधली से लौटने पर शिक्षिका नोम साहू का शाला परिवार द्वारा अभिनंदन किया गया। शिविर में उनके उत्कृष्ट योगदान और विद्यालय का नाम रोशन करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। भारतीय रोवर रेंजर्स कैंप दुधली में आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा से शिक्षक गोपी किशन सुधाकर के साथ कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा तनीषा सोनकर एवं तान्या सिन्हा ने सहभागिता की। विद्यालय की ओर से दो विज्ञान मॉडल ऑटोमेटेड स्टूडेंट काउंटर फॉर स्कूल बस तथा एक बिल्डिंग मॉडल शिविर में प्रदर्शित किए गए, जिन्हें सराहना मिली और शिविर में स्थान प्राप्त हुआ। इन मॉडलों ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी दक्षता को दर्शाया। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, पूर्व अध्यक्ष नोपचंद जैन एवं रवि जैन, प्रभा जैन, शाला प्रबंधक हीराचंद जैन तथा प्राचार्य साइनी मैथ्यूज उपस्थित रहे। अतिथियों ने नोम साहू एवं विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया।

## ब्लॉक सेन समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लॉक सेन समाज के इकाई केंद्रों के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष बिशेसर भारद्वाज ने किया, मुख्य अतिथि बालोद जिला सेन समाज के अध्यक्ष संतोष कौशिक रहे। दोनों ने अपने संबोधन में कहा कि सेन समाज का मूल आधार एकता, शिक्षा और सेवा है। जब हम संगठित होकर कार्य करेंगे, तो समाज का हर वर्ग प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

■ सेन समाज के मूल आधार : एकता, शिक्षा और सेवा

इस अवसर पर जिले के प्रमुख पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष लोकेश कौशिक, जिला सचिव रामकुमार श्रीवास, सहसचिव धनीराम कौशिक, महासचिव लोचन सेन, संगठन मंत्री संतोष श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी उमेश कुमार सेन, टुमन कौशिक, डोमार कौशिक, कुमार सेन, जिला कार्यकारिणी सदस्य कन्हैया श्रीवास, ब्लॉक एवं इकाई स्तर पर कार्यरत पदाधिकारियों का भी शपथ ग्रहण हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कौशिक, ब्लॉक सचिव घनश्याम सेन, गुंडरदेही इकाई रवि श्रीवास, अर्जुन्दा इकाई अशोक भारद्वाज, विक्की भारद्वाज, लोहारा इकाई अध्यक्ष मोहन प्रकाश श्रीवास, सचिव रमेंद्र सेन, उरेटा इकाई अध्यक्ष विजय भारद्वाज, सचिव घनश्याम कौशिक, चिलहाटी इकाई अध्यक्ष भुशन श्रीवास, सचिव नोहर श्रीवास, कोरगुड़ा इकाई अध्यक्ष नारायण भारद्वाज, सचिव मोहन कौशिक, मगचुवा इकाई अध्यक्ष तिलक शांडिल्य, सचिव घनश्याम सेन, भवरमरा इकाई अध्यक्ष तामेश्वर सेन, सचिव महेन्द्र सेन, सहगांव इकाई अध्यक्ष सजित सेन, सचिव देवेंद्र सेन, उपाध्यक्ष दिनेश सेन, कोषाध्यक्ष परमानंद सेन, महिला प्रकोष्ठ गठन में ब्लॉक अध्यक्ष गंगा बाई सेन, सचिव रितेश बाई शांडिल्य, उपाध्यक्ष दिव्या बाई कौशिक, कोषाध्यक्ष लता सेन सहित उषा श्रीवास, अनिता भारद्वाज, भारती सेन, पुष्पा सेन, शान्ती शांडिल्य, सोहदरा भारद्वाज, मीना शांडिल्य, जानकी बाई, दान बाई सेन, पार्वती सेन, खिलेश्वरी सेन जैसी सक्रिय महिलाओं ने सहभागिता की।



कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लोकेश कौशिक, जिला सचिव रामकुमार श्रीवास एवं जिला महासचिव लोचन सेन ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समाज की एकजुटता एवं शिक्षा के प्रसार पर बल दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लॉक सचिव घनश्याम सेन द्वारा किया गया।समारोह के समापन पर बालोद जिला सेन समाज मीडिया प्रभारी उमेश कुमार सेन ने सभी नव–शपथित पदाधिकारियों, महिला प्रकोष्ठ सदस्यों और उपस्थित जनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा आज का यह आयोजन सेन समाज की एकता, सेवा और समर्पण की मिसाल है। यही भावना हमारे समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और जय सेन समाज के जयघोष के साथ हुआ।

## जलकर नहीं पटाया तो भिलाई-चरोदा निगम करेगा कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में महापौर कक्ष में बैठक हुई। इस दौरान जलकर वसूली के लिए निगम आयुक्त डीएस राजपूत के आदेश से गठित दल के कर्मी मौजूद थे। लंबे समय से जलकर की राशि का भुगतान निगम कोष में जमा नहीं करा रहे लोगो पर निगम कार्यवाही करने की तैयार कर रहा है। समय पर टैक्स और कर नहीं जमा करने वालों के कारण निगम पर आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। जिसके फलस्वरूप निगम कर्मचारियों को प्रतिमाह दिये जाने वाले वेतन के लिए असुविधा हो रही है। इसे देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा जलकर की राशि वसूली तथा टैक्स जमा नहीं करने वालो पर नल कनेक्शन काटने की तैयारी चल रही है।







